



# खेल ढाबा

पटना, शनिवार, 16 सितम्बर, 2023, ई-पेपर

RNI NUMBER APPLIED








चौथे वनडे में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 100 रन से हराया पेज 04

बिहार के 31 जिलों में शुरू होगा खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर पेज 02

डेविस कप खेलने की उत्सुकता नहीं रही : बोपन्ना पेज 03

दक्षिण अफ्रीका ने चौथे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 164 रनों से हराया पेज 04


## संक्षिप्त खबरें

### अर्चित आनंद बने फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जन सूचना पदाधिकारी



**रांची।** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्चित आनंद को फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया का जन सूचना पदाधिकारी बनाया गया है। देश भर से आने वाले सभी तरह की आरटीआई यानी सूचना के अधिकार के तहत मांगे जाने वाली जानकारी को अर्चित फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से उपलब्ध कराए जाएंगे। पता हो कि अर्चित आनंद अभी फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एक्जीक्यूटिव कमिटी के सदस्य भी हैं। उनकी इस नियुक्ति पर झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के जयकुमार सिन्हा, संजेश मोहन समेत अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### डायमंड लीग फाइनल्स में खिताब का बचाव करने उतरेंगे चोपड़ा



**यूजीन (अमेरिका)।** विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक का भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अपने जाने पहचाने प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। चोपड़ा पिछले साल ज्यूरिख में डायमंड लीग चैंपियन बने थे। उन्होंने इस सत्र में अभी तक अपना दबदबा बनाकर रखा है और वह डायमंड लीग फाइनल्स में भी इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अगर चोपड़ा फिर से ट्रॉफी जीतने में सफल रहते हैं तो उन्हें 30 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। वह डायमंड लीग ट्रॉफी का बचाव करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। चेक गणराज्य के विटेज़स्लाव वेस्ली 2012 और 2013 में जबकि जैकब वाडलेज्च ने 2016 और 2017 में यह कारनामा किया था।

## अंदर के पन्नों पर


- बलिदानों की नींव पर कामयाबी की नयी गाथा लिखना चाहती हैं भारतीय महिला हॉकी टीम पेज-3 पर
- योगी ने कहा-प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा डेविस कप पेज-3 पर
- फीफा पुरस्कार 2023 के नामांकित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी पेज-3 पर
- ला लीगा पश्चिम बंगाल में करेगी फुटबॉल अकादमी स्थापित पेज-2 पर


**एशियन खेलों की खबरें पेज-3 जबकि एशिया कप क्रिकेट के समाचार पेज-4 पर देखें**

# मोरक्को के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी, रोहन बोपन्ना की होगी विदाई

**डेविस कप विश्व ग्रुप दो**

**लखनऊ, 15 सितंबर**

मोरक्को के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप दो का मुकाबला भारत के लिये मुश्किल नहीं होगा लेकिन यह खास इसलिये है क्योंकि करीब 21 साल बाद रोहन बोपन्ना के डेविस कप कैरियर पर विराम लगने जा रहा है। पिछले कुछ साल में एटीपी सर्किट पर बड़े खिलाड़ियों को चुनौती देने वाले एकल खिलाड़ियों के अभाव और जीते जा सकने वाले मैचों में मिली हार से भारतीय डेविस कप टीम का प्रदर्शन काफी प्रभावित हुआ है। फरवरी में टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक गई जो अब तक नहीं हुआ था। नया प्रारूप 2019 में लांच होने के बाद से यह पहली बार है कि भारतीय टीम इस स्तर पर गिरी है।

भारत पिछली बार मार्च में डेविस कप मुकाबले में डेनमार्क से 2-3 से हार गया था। इस सत्र में भारतीय टेनिस ने कोई यादगार पल नहीं देखे लेकिन पिछले सप्ताह बोपन्ना अमेरिकी ओपन पुरूष युगल के फाइनल में पहुंचे। युकी भांबरी ने एकल खेलना छोड़ दिया है जबकि रामकुमार रामनाथन शीर्ष 550 से भी बाहर हो गए हैं। इस सत्र में अलग अलग टूर्नामेंटों में रामनाथन 17 बार पहले दौर से बाहर हो गए। यही वजह है कि कप्तान रोहित राजपाल ने उन्हें टीम में नहीं लिया हालांकि वह अभ्यास में मदद के लिये टीम का हिस्सा हैं।

बोपन्ना 43 वर्ष की उम्र में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके स्ट्रोक्स में अभी भी धार है और वह जबर्दस्त विनर लगा रहे हैं। उनकी इच्छा को देखते हुए विदाई मैच उनके शहर बेंगलुरू में खेला जाता तो बेहतर रहता। लखनऊ में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1300 है लेकिन बेंगलुरू में 6500 दर्शक बैठ सकते हैं। वर्ष 2002 में पदार्पण के बाद से अब तक खेले गए 32 मैचों में से बोपन्ना ने 22 मैच जीते हैं जिनमें दस एकल हैं। एआईटीए ने बृहस्पतिवार की रात को बोपन्ना का एक विशेष समारोह में अभिनंदन किया। उनके कई दोस्त और परिजन इस मैच को देखने के लिये पहुंचे हैं। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल फॉर्म में हैं। वह ऑस्ट्रिया में चैलेंजर टूर्नामेंट फाइनल खेलकर आये हैं जो इस सत्र में उनका तीसरा फाइनल था। शशि मुकुंद भारत के लिये पदार्पण करेंगे। उन्हें 2019 में भी पाकिस्तान के खिलाफ टीम में जगह दी गई थी लेकिन चोट के कारण उन्होंने नाम वापस ले लिया था। दिग्विजय प्रताप सिंह भी टीम में है जिन्हें औपचारिकता के मैच में उतारा जा सकता है। मोरक्को की टीम में एक ही खिलाड़ी एलियोट बेनचेट्रिट से भारत को चुनौती मिल सकती है।

### गिल का शतक बेकार, बांग्लादेश से छह रन से हारा भारत

एशिया कप 2023 में भारतीय क्रिकेट टीम को आखिरी सुपर-4 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 6 रन से हार मिली है। इस मैच में भारत के लिए शुभमन गिल (124 रन) ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। हालांकि आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल (38) ने दर्द कराहते हुए टीम को जीत के करीब ला दिया था लेकिन आखिरी गेंद पर टीम इंडिया ऑल आउट हो गई। इस तरह भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ 11 साल बाद एशिया कप में हार मिली है। आखिरी बार टीम इंडिया 2012 में मीरपुर में हारी थी।

| बांग्लादेश | भारत |
| --- | --- |
| 265/8 | 259/10 |
| 50 ओवर | 49.5 ओवर |

मैन ऑफ द मैच : शाकिब अल हसन




# जमशेदपुर, बोकारो व गोड्डा सेमीफाइनल में

**झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता**





**गढ़वा, 15 सितंबर**

बोकारो, जमशेदपुर और गोड्डा की टीमों ने झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को अलग-अलग मैदानों पर खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में बोकारो ने रांची को 3-2, जमशेदपुर ने चाईबासा को 2-1 और गोड्डा ने सरायकेला खरसांवा को 1-0 से हराया। इस बीच गिरिडीह की टीम भी क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है जहां इसका मुकाबला रामगढ़ से होगा। गुरुवार को चक्रधरपुर बनाम चाईबासा के बीच जो मैच खेला गया था उसमें तकनीकी रूप से चाईबासा को मैच के बाद विजयी घोषित किया गया और चाईबासा ने क्वार्टरफाइनल खेलने का हक पाया।

### बोकारो बनाम रांची

स्थानीय रामा साहू उच्च विद्यालय पर खेले गए मैच में बोकारो और रांची की टीमें आमने-सामने थीं। रोमांचक मैच में बोकारो की टीम एवं रांची की टीम फस्ट हाफ में 2-2 गोल से बराबर पर थीं। सेकंड हाफ में बोकारो की टीम ने एक गोल कर मैच अपने पक्ष में कर सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों का परिचय पत्र प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में फुटबॉल का मैच आयोजित किया जा रहा है।यह जिले के लिए गौरव की बात है। मैन ऑफ द मैच बोकारो के कृष्णा हेंब्रम रहे। रामा शाहू स्टेडियम में मैच को देखने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष सह सदर एसडीओ राज महेश्वरम, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद उपस्थित थे। यहां के मैच में ऑफिशल मो शमशाद, राजेश पांडेय, रमाशंकर सिंह, सुशील तिवारी, अजयकांत अरविंद कुमार, जगन्नाथ राम, राजन केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

### जमशेदपुर बनाम चाईबासा

बरगढ़ में आयोजित जमशेदपुर ने चाईबासा को 2-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच जमशेदपुर की टीम के रंजीत मरांडी को दिया गया। इस रोमांचक मुकाबले में मध्यांतर के दोनों टीमें एक-एक गोल की बराबरी पर रही. मध्यांतर के बाद के खेल में लगभग आखिरी समय के पांच मिनट पूर्व जमशेदपुर के नौ नंबर के खिलाड़ी ने सेंटर लाईन के करीब से सीधे गोल दाग कर अपनी टीम को 2-1 जीत दिलाई। मैच में मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार जमशेदपुर के खिलाड़ी रंजीत मार्डी को ट्रॉफी व 1000 रुपए नकद राशि मुख्य अतिथियों द्वारा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में बड़गड़ बीडीओ विपिन कुमार भारती, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य जय प्रकाश मिंज, सिप्रियन केरकेट्टा, शिक्षा विभाग के ओम प्रकाश, भंडरिया टीम के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी बावन सिंह, सुशील सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस मैदान पर खेल शुरू होने के पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर खिलाड़ियों व आगत अथितियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला खेल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ही सरूअत हिल स्पोर्ट्स एसोसिएशन समूह के संदीप गुप्ता, रविरंजन तिर्की, सूपिन केरकेट्टा, अजय मिंज, जितेन्द्र चंद्रवंशी, शबनम मिंज आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे ब्रह्मदेव सिंह, मुखिया जंगलपति लकड़ा, दिनेश लकड़ा, देवानंद कुमार, अर्जुन मिंज, अमानत अंसारी, नेपाल प्रसाद आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गोड्डा बनाम सरायकेला खरसांवा

बरगढ़ में आयोजित मैच में गोड्डा ने सरायकेला खरसांवा को 1-0 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार गोड्डा के इमरान अंसारी को दिया गया। इसके पूर्व इस मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि रंका एसडीओ रामनारायण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने किया। वहीं शमीम आलम और इंद्रदेव सिंह ने कमेंट्रेटर की भूमिका निभायी। इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा, समाजसेवी अशोक गुप्ता, एसआई रोबिनसन मुंदरी, मुखिया विनोद प्रसाद, मुखिया ललिता लकड़ा, पति शिवलखन लकड़ा, बीडीसी नसीम अंसारी, इम्तियाज अहमद, युवा नेता लालमोहन रमकंडा पंचायत अध्यक्ष अली राजा उपस्थित थे।

### गिरीडिह बनाम धनबाद

एक अन्य चिनिया में आयोजित मैच में गिरिडीह एवं धनबाद के बीच खेल गया जिसमें गिरिडीह की टीम ने पेनाल्टी शूट में 6-5 से विजय हासिल कीया। यहां मैन ऑफ द मैच अनीश मरांडी को दिया गया। इस जीत के साथ गिरिडीह ने क्वार्टरलाइनल में प्रवेश किया।

**एशियाड पदक पर नजर** टोक्यो ओलंपिक की कमी को यहां पूरा करनी चाहती हैं भारतीय महिला हॉकी टीम के गोलकीपर

# शादी के पांचवें दिन शिविर में लौटी सविता पूनिया, हनीमून भी छोड़ा

**नई दिल्ली, 15 सितंबर**

पेरिस ओलंपिक को लक्ष्य बनाने वाली भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पूनिया अप्रैल में शादी के बाद पांचवें दिन ही शिविर में लौट आई थी, हनीमून पर नहीं गई और अलग टाइम जोन होने के कारण विदेश में बसे अपने पति से फोन पर भी अब कम बात हो पाती है।


टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता का लक्ष्य पेरिस में अगले साल पदक की कमी को पूरा करने का है और इसके लिए वह कोई कुर्बानी देने से पीछे नहीं हट रहीं।

सविता ने कहा कि मैं टोक्यो की कमी को पेरिस में पूरा करना चाहती हूं। इस साल पांच अप्रैल को मेरी शादी हुई थी लेकिन उसके बाद से सात दिन ही पति के साथ रही हूं। हम हनीमून तक नहीं गए हैं और अब ओलंपिक के बाद ही सोच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शादी के पांच दिन बाद ही मैं कैंप में आ गई थी। दिसंबर में जाने की सोच रही हूं लेकिन प्रो लीग या कोई और टूर्नामेंट हुआ तो नहीं जा सकूंगी। सविता के पति अंकित बलहारा सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के साथ संगीतकार भी हैं और बॉलीवुड की कई फिल्मों में बैकग्राउड स्कोर दे चुके हैं। मूल रूप से रोहतक के रहने वाले अंकित का परिवार कनाडा के वेंकूवर में बसा है।

भारतीय कप्तान ने कहा कि मैं सुबह जल्दी उठती हूं। मेरे पति वेंकूवर में हैं और हमारे टाइम जोन अलग है लेकिन मैं साढे दस बजे फोन बंद कर देती हूं। मैने उनसे कहा है कि मैं बात करने की जिद भी करूं तो आप याद दिलाओगे कि फोन बंद करना है क्योंकि अगले दिन सुबह प्रैक्टिस है। कई बार बहुत बातें करने का मन करता है लेकिन खुद से वादा किया है कि खेलों तक स्क्रीन टाइम बिल्कुल कम रखना है। सविता ने कहा कि हमारी अरेंज मैरिज हुई थी और मेरी सास (मुक्ता चौधरी) ने ही मुझे पसंद किया था जो खुद तीन बार हरियाणा में प्रदेश स्तर पर चैम्पियन एथलीट रह चुकी हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में हमारे सारे मैच देखें और वहीं मुझे पसंद करके बात आगे बढ़ाई थी। अपनी सास को अपनी प्रेरणास्त्रोत बताते हुए सविता ने कहा कि उनका मानना है कि जिस मुकाम तक पहुंचने के लिये अब तक इतनी मेहनत की, शादी की वजह से उस पर असर नहीं पड़ना चाहिये। ससुराल का पूरा सहयोग है वरना मेरे लिये मुश्किल हो जाती।



**मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता**

- कहा-कनाडा में रह रहे पति से बात किये हुए कई दिन हो जाते हैं
- सविता ने कहा-मेरी सास (मुक्ता चौधरी) मेरी प्रेरणास्त्रोत हैं
- ससुराल का पूरा सहयोग है वरना मेरे लिये मुश्किल हो जाती

भारत के लिये करीब 200 मैच खेल चुकी इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा कि बतौर खिलाड़ी मेरी सास के सपने अधूरे रह गए और वह नहीं चाहती कि मेरे साथ ऐसा कुछ हो। मुझसे ज्यादा उत्साहित वहीं हैं एशियाई खेलों को लेकर। हरियाणा के सिरसा में जन्मी सविता ने 2011 में सीनियर टीम के लिये अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया। इंचियोन (2014) में कांस्य और जकार्ता (2018) एशियाई खेलों में रजत जीतने वाली टीम का हिस्सा रहीं।

सविता ने 36 साल बाद भारतीय टीम के रियो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में भी अहम भूमिका निभाई। एशिया कप 2018 में चीन के खिलाफ पेनाल्टी शूटआउट में निर्णायक पेनाल्टी बचाकर भारत को उन्होंने विश्व कप में जगह दिलाई थी।


खेलढाबा.कॉम के साथ जुड़कर अपने बिजनेस को दें नई उड़ान

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

Call For Advertisment

7870100025

# बिहार के 31 जिलों में शुरू होगा खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर



पटना,15 सितंबर

बिहार में खेल का माहौल पूरी तरह से बदलने वाला है। अक्टूबर से फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें बिहार के अलावा देश के अलग-अलग प्रांत के खिलाड़ियों को अपना जौहर दिखाने का मौका मिलेगा। वहीं पुराने वरीय खिलाड़ी या एनआईएस सर्टिफाइड प्लेयरों जिन्हें नौकरी की तलाश है। उन्हें भी नियुक्ति दी जानी है। इस बार की जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्र शंकरण ने शुक्रवार को दी।

### 17 खेलों की दी जायेगी ट्रेनिंग

खेलो इंडिया के तहत स्मॉल सेटर की शुरुआत राज्य के 31 जिलों में होने जा रही है। जहां 17 खेलों की ट्रनिंग दी जाएगी। इसके लिए कोच की नियुक्ति जल्द की जाएगी। हर सेंटर को 5-5 लाख रुपये के उपकरण और खिलाड़ियों के किट भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### एनआईएस प्रशिक्षकों को मौका

रवींद्र शंकरण ने बताया कि इन सेंटरों पर बिहार के पुराने या एनआईएस सर्टिफाइड प्लेयरों को कोच के रूप में नियुक्ति की जाएगी। इनकी नियुक्ति दो सालों की होगी। इन्हें बतौर मासिक 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। यह सेंटर डे बोर्डिंग होगी। प्रत्येक सेंटर पर 12 से 17 आयु वर्ग के 30 बच्चों का चयन ट्रायल के आधार पर किया जाएगा। इनका चयन स्थानीय डीएसओ और कोच करेंगे

### पहली बार पांच स्कूली नेशनल गेम्स की मेजबानी

साथ ही उन्होंने बताया कि पहली बार बिहार एक साथ पांच स्कूली नेशनल गेम्स एथलेटिक्स, वेटलिफिटिंग, क्रिकेट, फुटबॉल व सेपकटाकरा की मेजबानी कर रहा है। दिसंबर से फरवरी माह तक होने वाले इन स्पर्धाओं की सफल मेजबानी के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। क्रिकेट पटना के उर्जा स्टेडियम, मोइनुल हक स्टेडियम में संपन्न कराया जाएगी।

### वॉलीबॉल प्रीमियर लीग फरवरी में

आईपीएल, एचएसएल की तर्ज पर बिहार वॉलीबाल प्रीमियर लीग का आयोजन करने जा रहा है। इस लीग में कुल आठ टीमें खेलेंगी। इनकी फ्रेंचाइजी के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी होंगे जिनमें तीन खिलाड़ी इंडिया लेवल के होंगे जबकि शेष प्लेयर टीम में बिहार के होंगे। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए खिलाड़ियों को नकद राशि भी दी जाएगी। टीम का गठन टीम इंडिया के कोच श्रीधरन की देखरेख में दिसंबर माह में होगा। लीग के मैच पटना के अलावा छपरा, बेगूसराय व भागलपुर में भी होंगे।

KHELO INDIA

**महानिदेशक रवींद्र शंकरण बोले**

- सीनियर प्लेयरों की नौकरी की तलाश होगी खत्म, बनेंगे प्रशिक्षक
- मल्ल युद्ध व वॉलीबाल प्रीमियर लीग का होगा आयोजन

### मिट्टी में होगा मल युद्ध

बिहार का पारंपरिक खेल जिसे जिसका स्वर्णिम इतिहास रहा है। वह बिल्कुल विलुप्त होने के कगार पर है। उसे जीवंत करने का प्रयास है। वह खेल हैं दंगल यानि मल्ल युद्ध। इस खेल का शुभारंभ नवंबर में सोनपुर में होने जा रहा है। इस मल्ल युद्ध में बिहार के बाहर के महिला-पुरुष मल्लों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें पुरुष वर्ग के 60 से 90 किग्रा भार वर्ग तक व महिला वर्ग के 50 से 60 किग्रा भार वर्ग के पहलवानों के बीच स्पर्धा होंगी।

### यहा खुलेंगे इन खेलों के सेंटर

**आर्चरी:** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम,भोजपुर
**एथलेटिक्स:** पटेल फिल्ड, समस्तीपुर,जिला हाईस्कूल, गया, जगजीवन स्टेडियम, भभुआ, कोसी हाईस्कूल खेल मैदान, सुपौल
**बैडमिंटन:** कलेक्ट्रेट कैंपस, अररिया, इंडोर स्टेडियम, औरंगाबाद
**साइकलिंग:** न्यू स्टेडियम, फजलगंज, रोहतास
**फेंसिंग:** जिला खेल भवन, पूर्वी चंपारण, हाईस्कूल, पारसबिगहा,पश्चिम चंपारण
**फुटबॉल:** श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम,जमुई, लक्ष्मीपुर, सियोतपुर, सिवान, नेहरु स्टेडियम, लहेरियासराय, दरभंगा
**हॉकी:** कोसी हाईस्कूल, खगड़िया, गौरोल हॉकी ग्राउंड, वैशाली
**कबड्डी:** बीपी मंडल इंडोर स्टेडियम, मधेपुरा, महात्मा गांधी हाईस्कूल, बेगूसराय, ब्रहमपुरा, बक्सर
**खो-खो:** पुरानी बाजार सूरजगढ़, लखीसराय, इंडोर स्टेडियम, मुंगेर,
**रग्बी :** कपतिया गांव, नालंदा
**सेपकटाकरा :** पाटलिपुत्रा स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स, पटना
**टेबल टेनिस:** खेल भवन, मधुबनी
**ताइक्वांडो:** खेल भवन, शेखपुरा
**वेटलिफ्टिंग:** खेल भवन, जहानाबाद, जानकी भवन इंडोर स्टेडियम, सीतामढ़ी
**रेसलिंग:** खेल भवन, सहरसा, गोगा, भागलपुर, खेल भवन, कटिहार, गोपालगंज, खेल भवन, छपरा
**वुशू :** खेल भवन, मुजफ्फरपुर

### नेशनल गेम्स का कैंप 18 से

गोवा में होने वाले राष्ट्रीय खेल में बिहार की टीम भी प्रतिभाग करेगी. इसके लिए दो महीने का ट्रनिंग कैंप का आयोजन 18 सिंतबर से पाटलिपुत्र स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स के अलावा एनटीपीसी बाढ़, आईआईटी, पटना में होने जा रहा है. महानिदेशक ने बताया कि सेपकटाकरा, कबड्डी, रग्बी, पिटो, तीरंदाजी व हैंडबॉल की टीमें शामिल होंगी.

## द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड स्क्वैश चैंपियनशिप का आगाज



रांची, 15 सितंबर

झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ एवं एसआरएफआई के तत्वावधान में तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड चैंपियनशिप का उद्घाटन शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित क्रास कोर्ट में हुआ। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन महासचिव मधुकांत पाठक एवं कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र नाथ दुबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर श्री पाठक ने कहा कि रांची जैसे शहर में इस तरह के आयोजन होना सुखद संकेत है। इस चैंपियनशिप के बाद खिलाड़ी देश विदेश में झारखंड का नाम करें, इसके लिए सभी को शुभकामनाएं देते हैं। श्री दूबे ने भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर वरुण कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कोच आशिष कुमार बनर्जी एवं ओनर क्रास कोर्ट के आर्यन, पुनीत, सुभाष सिंह मुंडा, सुभाष गांगुली तथा चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं उनके अभिभावक भी मौजूद थे। चैंपियनशिप में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, टोरियन वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह जानकारी विपुल अग्रवाल ने दी।

## जूनियर राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम घोषित

**धनबाद।** आगामी 3 अक्टूबर से सेरी कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, श्रीनगर में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 29वीं जूनियर राष्ट्रीय थांग- टा चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 13 सदस्यीय झारखण्ड टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम का नेतृत्व झारखण्ड थांग- टा संघ के अध्यक्ष सह मुख्य कोच रंजीत केशरी करेंगे जबकि टीम के खिलाडियों में गढ़वा की मुस्कान कुमारी तथा इंदु कुमारी, लोहरदगा की खुशबू कुमारी, पलामू की सोनम कुमारी तथा रेहान कादरी के अलावा धनबाद के सौरभ रवानी, समरेश किस्कू, सौरभ भारती, ऐश्वर्या प्रसाद, समृद्धि कुमारी, प्रगति प्रिया तथा राधिका सहाय शामिल हैं। ज्ञात हो कि टीम के सभी खिलाड़ी इस वर्ष अप्रैल महीने में सम्पन्न हुई 8वीं झारखंड राज्य थांग-टा चैंपियनशिप के दौरान अपने -अपने भार वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। आगामी 30 सितंबर को यह टीम धनबाद रेलवे स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेगी।

JHARKHAND THANG-TA ASSOCIATION
Reg. No.: 551/2010-11
झारखण्ड थांग-टा संघ

## दामोदर और मयूराक्षी सेमीफाइनल में

**मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता**

- पहले सेमीफाइनल में शंख व मयूराक्षी तथा दूसरे सेमीफाइनल में अजय व दामोदर की टीमें होंगी आमने-सामने



रांची, 15 सितंबर

मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में खेली जा रही मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को टीम शंख और टीम मयूराक्षी आमने-सामने होंगी जबकि दूसरे सेमीफाइनल में टीम अजय और दामोदर के बीच फाइनल में पहुंचने की जंग होगी।

शुक्रवार को ग्रुप ए के आखिरी लीग मैच में दामोदर ने भैरवी को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। दामोदर की ओर से पहला मैच खेल रहे प्लेयर ऑफ द मैच संदीप नाग ने दो शानदार मैदानी गोल और मोनू कुमार ने एक गोल दाग टीम को मध्यांतर तक 3-0 से बढ़त दिला दी। मैच के 15वें मिनट ने मोनू ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद मैच के 17वें मिनट में संदीप नाग ने एक शानदार फ्री किक से गोल कर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे हाफ में संदीप ने एक और गोल दागकर बढ़त 3-0 की कर दी। इसके बाद भैरवी की ओर से अमित कुमार ने गोल दागकर मैच में वापसी की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरी स्कोर 3-1 ही रहा।

ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अशोक गोप के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मयूराक्षी ने गंगा को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। गंगा की टीम बिखरी हुई दिखी और इसका फायदा मयूराक्षी ने जमकर उठाया। मैच के 12वें मिनट में अशोक ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे किया। इसके बाद 19वें मिनट में कुंदन ने एक और गोल दाग बढ़त 2-0 कर दी। 35वें मिनट में दिनेश ने एक और गोल दाग मयूराक्षी को सेमीफाइनल में पहुचने पर मुहर लगा दी है। इससे पहले रांची के डीटीओ प्रवीण प्रकाश और सीसीएल के मैनेजर स्पोर्ट्स आदिल हुसैन ने खिलाड़ियां से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत की और प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार भी बांटे।

### शनिवार को होनेवाले सेमीफाइनल मैच

**पहला सेमीफाइनल सुबह 8 बजे**
टीम शंख बनाम टीम मयूराक्षी
**दूसरा सेमीफाइनल सुबह 9 बजे**
टीम अजय बनाम टीम दामोदर

## त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में बिहार क्रिकेट एकेडमी विजयी

**बरबीघा।** बरबीघा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित त्रिकोणीय सीरीज में 15 सितंबर को मुकाबला बिहार क्रिकेट अकादमी (पटना) बनाम केबीके क्रिकेट क्लब (लखीसराय) के बीच मैच खेला गया जिसमें बिहार क्रिकेट अकादमी, पटना ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर लखीसराय ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया जिसमें लखीसराय की टीम 33.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। लखीसराय की ओर से सर्वाधिक रन शिवानंद सिंह ने 32 एवं अंकित राज 19 रन बनाये। बिहार क्रिकेट एकेडमी पटना की ओर से आदित्य चौहान ने 3, आयुष ने 3 और शिवम कुमार ने दो विकेट हासिल किये। 127 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार क्रिकेट एकेडमी पटना की टीम 17 ओवर में 5 विकेट खो कर आसानी से हासिल कर की। अभिषेक शर्मा ने 29, सुदर्शन ने 28 आयुष ने 19 रन बनाये। लखीसराय के धीरज ने चार विकेट लिये। विजेता टीम के आयुष को प्लेयर ऑफ द मैच रहे।





रांची में चल रही मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए मैचों की विजयी टीम जीत के बाद हुंकार भरती हुई।

## सावित्री देवी मेमोरियल क्रिकेट सीरीज खेलने गई राणा क्रिकेट एकेडमी



**पटना।** वाराणसी के आरडी क्रिकेट स्टेडियम में पांच मैचों की द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज खेलने के लिए राणा क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी वाराणसी पहुंच गए हैं। इस सीरीज का नाम है सावित्री देवी मेमोरियल क्रिकेट सीरीज। यह सीरीज जार्डन इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी और राणा क्रिकेट एकेडमी पटना के बीच खेला जायेगा। इसके लिए राणा क्रिकेट एकेडमी ने अपनी टीम भी घोषित की है। **टीम इस प्रकार है:** आर्यन भारद्वाज (कप्तान), अजीत राज (उपकप्तान), शिवम कुमार, सुशील कुमार, अंकुश ओझा, दिव्य प्रकाश, बिट्टू कुमार, आशीष कुमार (विकेटकीपर), उत्कर्ष राज (विकेटकीपर), हर्ष आर्यन, नमन कुमार, आशु कुमार।

## लिटिल टाइगर ए व एसटीसी सिमडेगा अंतिम चार में

**सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप**

- एसटीसी सिमडेगा महिला वर्ग के सेमीफाइनल में

सिमडेगा, 15 सितंबर

हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित 18वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप में शुक्रवार को खेले गए मैचों में लिटिल टाइगर, एसटीसी सिमडेगा ने जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में लिटिल टाइगर ए टीम ने कोचेडेगा को 8-0 से तथा एसटीसी सिमडेगा ने लिटिल टाइगर बी टीम को 6-1 से पराजित कर सेमीफाइल में जगह बनाई।

महिला वर्ग में एक मैच एसटीसी लचड़ागढ़ ए टीम ने आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा को 28-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

महिला वर्ग में पूल ए से एसटीसी सिमडेगा और एसटीसी लचड़ागढ़ बी टीम प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करते तथा पूल बी से एसटीसी लचड़ागढ़ ए टीम तथा एसएस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा की टीम अपने पूल में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता में अभी तक पुरुष वर्ग से 24 टीमों में 28 और महिला वर्ग से 11 टीमों में 25 मैच में कुल 53 मैच खेले जा चुके हैं।

आज के आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी,सुनील तिर्की, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, वेद प्रकाश,अनु राहुल मिंज,प्रतिमा तिर्की, करिश्मा परवार, कुनुल भेंगरा,सुजीत एक्का, बिनोद कुल्लू,एलशन किड़ो इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।





**महिला वर्ग सेमीफाइनल**
एसएस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा और एसटीसी सिमडेगा
एसटीसी लचड़ागढ़ ए और एसटीसी लचड़ागढ़ बी

**पुरुष वर्ग का सेमीफाइनल**
गोसनार कॉलेज सिमडेगा और एसटी ब्रदर सिमडेगा
लिटिल टाइगर बनाम एसटीसी सिमडेगा

## खेलो इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** खेलो झारखंड 2023-24 अंतर्गत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सीएमस्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका +2 उच्च विद्यालय बरियातू में किया गया।

प्रतियोगिता के बालक अंडर-17 वर्ग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय बरियातू, ने राज्यकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा लापुंग को बालिका अंडर-17 वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बुढ़मू ने राज्यकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय आसरो, बेड़ो को जबकि बालक अंडर-19 वर्ग में एसएसप्लस +2 उच्च विद्यालय, अनगड़ा ने मारवाड़ी +2 उच्च विद्यालय, रांची को वहीं बालिका अंडर-19 वर्ग मे सीएमस्कूल ऑफ एक्सलेंस बरियातू, रांची सदर ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बेड़ो को पराजित कर रांची जिला चैंपियन बना है। यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिले की प्रतिनिधित्व करेगी।

## ला लीगा पश्चिम बंगाल में करेगी फुटबॉल अकादमी स्थापित

कोलकाता, 15 सितंबर

स्पेनिश फुटबॉल संगठन ला लीगा और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच आपसी सहयोग से आधुनिक बुनियादी सुविधाओं वाली फुटबॉल अकादमी स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ला लीगा के अध्यक्ष जेवियर टेबस की उपस्थिति में गुरुवार को स्पेन के मैड्रिड में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। ला लीगा के अध्यक्ष जेवियर टेबस ने मुख्यमंत्री के बंगाल दौरे के निमंत्रण का जवाब देते हुए कहा, ''मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि बंगाल फुटबॉल की प्रतिभा की फैक्टरी है और इसने भारतीय टीम के लिए कुछ बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं।''सुश्री बनर्जी ने श्री टेबस से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, ''आप हमारे मेहमान बने, बंगाल में फुटबॉल के जनून को महसूस करें। बंगाल में फुटबॉल का जिस तरह का जनून आप देख रहे हैं, वह अद्वितीय है। बंगाल रियल मैड्रिड जैसे कुछ स्पेनिश फुटबॉल दिग्गजों का घर है।'' ला लीगा ने स्थानीय फुटबॉल महासंघों और अन्य स्थानीय जमीनी स्तर के फुटबॉल संगठनों के साथ समन्वय में पश्चिम बंगाल में प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के विकास के लिए एक भागीदार और एक मंच के रूप में काम करने और राज्य में विभिन्न खेल प्रशिक्षण परियोजनाओं को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की है। एमओयू पर हस्ताक्षर करने से पहले मुख्यमंत्री बनर्जी ने ला लीगा अध्यक्ष टेबस और उनकी टीम के साथ बैठक की। बैठक के दौरान खेल और सांस्कृतिक संस्थानों को जोड़ने, महिला फुटबॉल को बढ़ावा देने, फुटबॉल के समग्र विकास का समर्थन करने और राज्य में फुटबॉल इको-सिस्टम को पेशेवर बनाने के माध्यम से दोनों क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित था।

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ला लीगा के अध्यक्ष जेवियर टेबस की उपस्थिति में स्पेन के मैड्रिड में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए**



## संक्षिप्त खबरें

### बीएफआई ने पंघाल, सागर और रोहित को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**नईदिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल और दो अन्य मुक्केबाजों को बिना मंजूरी लिये राष्ट्रीय शिविर छोड़ने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें चीन में एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेनिंग के लिए रवाना होने से एक दिन पहले यह नोटिस जारी किया गया। महासंघ के अनुसार पंघाल (51 किग्रा), राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर अहलावत (+92 किग्रा) और राष्ट्रीय चैम्पियन रोहित मोर (57 किग्रा) अनुमति लिये बिना ही चार सितंबर को एनआईएस पटियाला में लगे शिविर को छोड़कर चले गये। ये मुक्केबाज एशियाड के लिए 'रिजर्व' सूची में शामिल हैं। चीन पहुंचे कुछ मुक्केबाजों ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जबकि कुछ टिप्पणी के लिए उपलब्ध ही नहीं हो सके।

### नेहा त्रिपाठी ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी का 12वां चरण जीता

**गुरुग्राम।** नेहा त्रिपाठी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूजीपीटी) के 12वें चरण का खिताब जीता। नेहा साढ़े चार साल से भी अधिक समय तक कोई खिताब नहीं जीत पाई थी लेकिन हाल में उन्होंने फॉर्म में वापसी की तथा डब्ल्यूजीपीटी की पिछली तीन प्रतियोगिताओं में अपना दूसरा खिताब जीता। नेहा ने इससे पहले दसवें चरण का खिताब जीता था और यहां ट्रॉफी जीतने से उनका सत्र के अंतिम चरण के लिए मनोबल बढ़ा होगा। नेहा इस सत्र में दो खिताब जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले स्नेहा सिंह और गौरिका विश्नोई ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

### फीफा पुरस्कार 2023 के नामांकित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी

**जिनेवा।** फीफा ने 2023 के सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कारों के लिए नामांकित खिलाड़ियों, कोचों की घोषणा की है। सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित सूची में लियोनेल मेसी और एर्लिंग हालैंड शीर्ष पर हैं। मेसी ने अर्जेंटीना के साथ विश्व कप जीता, जबकि एर्लिंग हालैंड ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सीजन में महाद्वीपीय तिहरा खिताब दिलाया। किलियन एम्बाप्पे भी इस सूची में शामिल हैं, लेकिन पुर्तगाली सनसनी क्रिस्टियानो रोनाल्डो बाहर हैं। लियोनेल मेसी, किलियन म्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड को फीफा सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। फीफा प्रशंसक सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और फीफा प्रशंसक पुरस्कार के लिए छह अक्टूबर तक अपना वोट दे सकेंगे। सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी के लिए 16 खिलाड़ियों की सूची में विश्व चैंपियन स्पेन और उपविजेता इंग्लैंड के चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित 12 खिलाड़ियों में से छह प्रीमियर लीग टीम मैनचेस्टर सिटी से हैं।

### वियतनाम ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त

**हो चि मिन्ह सिटी (वियतनाम)।** सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की भारतीय महिला युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां वियतनाम ओपन के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की जियांग यी-हुआ और ली जी किंग से हार गई। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को गैरवरीय प्रतिद्वंद्वियों से एक घंटे दो मिनट में 21-18, 15-21, 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही सुपर 100 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

### मोटोजीपी स्पर्धा को एफआईएम से अंतिम स्वीकृति मिली

**नईदिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट (बीआईसी) रेस ट्रैक को 24 सितंबर को देश की पहली 'मोटोजीपी रेस झ द ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया' की मेजबानी के लिए एफआईएम (दोपहिया वाहनों के अंतराष्ट्रीय मोटरस्पोर्ट्स निकाय) से हर तरह की मंजूरी मिल गई है। इस स्थल ने 2011 से 2013 तक फार्मूला वन रेस की मेजबानी की थी और फार्मूला वन के बाद यह इस ट्रैक पर सबसे बड़ा मोटरस्पोर्ट्स कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के आयोजक फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स (मोटोजीपी भारत) के मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) रोहित शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सभी औपचारिकताएं गुरुवार को पूरी हो गईं और लगभग 3,000 रेस मैनेजमेंट क्रू (रेस से जुड़े काम करने वाले लोग) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए काम करेंगे। शर्मा ने कहा, ''एफआईएम (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी मोटोसाइक्लिज्म) के अधिकारी कल यहां आये थे और उन्होंने ट्रैक को मंजूरी दे दी है। ट्रैक को मोटो रेस के मुताबिक ढालने का काम पूरा हो गया है।

# बलिदानों की नींव पर कामयाबी की नयी गाथा लिखना चाहती हैं भारतीय महिला हॉकी टीम

## मिशन एशियाड



**नईदिल्ली, 15 सितंबर**

किसी ने नौ साल बेरोजगारी का दंश झेला तो किसी ने महज 800 रुपए के लिये अपनी मां को दिन रात मजदूरी करते देखा तो कोई हॉकी स्टिक खरीदने के पैसे नहीं होने के कारण बांस की स्टिक से खेलकर भारतीय टीम तक पहुंची।

जिंदगी की जटिलतायें भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ियों का अपने खेल पर अटल विश्वास नहीं डिगा सकी। टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचने से एक कदम दूर चौथे स्थान पर रही ये लड़कियां अब 23 सितंबर से शुरू हो रहे हांगझोउ एशियाई खेलों के जरिये 'मिशन पेरिस ओलंपिक' की ओर पहला कदम रखने जा रही है लेकिन इनके सफर की नींव में बलिदानों की ऐसी गाथायें हैं जो कदम कदम पर इनकी प्रेरणास्रोत रहीं।

इसीलिये लक्ष्य को पाने में अपनी इच्छाशक्ति और मानसिक दृढ़ता के लिये किसी ने एशियाई खेलों तक अपना पसंदीदा पिज्जा खाना छोड़ दिया तो किसी ने चाय की लत से तौबा की तो कोई मिठाई नहीं खाने का प्रण लेकर तैयारी कर रही है ।

**भारतीय महिला टीम की कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया** ने कहा कि टोक्यो के बाद से हमसे उम्मीदें बढ़ी है और इस टीम में पदक जीतने का माद्दा भी है। हम भी यही चाहते हैं कि पिछली बार जो कमी रह गई थी, उसे पूरा करें। पहले एशियाई खेलों के जरिये ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करें और फिर ओलंपिक पदक जीतें। उन्होंने कहा कि हम सभी ने तय किया है कि फिटनेस और इच्छाशक्ति के लिए एशियाई खेलों तक कुछ ना कुछ छोड़ेंगे। मुझे पिज्जा और गोलगप्पे बहुत पसंद है लेकिन मैने प्रण किया है कि अब एशियाई खेलों तक नहीं खाऊंगी। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में शुमार 33 वर्ष की सविता कामयाबी के पीछे के अपने संघर्ष को भूली नहीं है जब नौ साल तक उसने बेरोजगारी का दुख झेला था।

उन्होंने बताया कि मैंने 2008 में सीनियर टीम में पदार्पण किया और 2009 में एशिया कप में रजत पदक जीता। भारतीय टीम में आने के बाद रिश्तेदार, पड़ोसी सभी कहते थे कि नौकरी तो पक्की हो ही जायेगी। मेरी मम्मी बीमार रहती थी लेकिन मुझे खेलने भेजा। मैं 2009 से 2018 तक बेरोजगार रही लेकिन परिवार ने पूरा साथ दिया और मैंने अपना खेल प्रभावित नहीं होने दिया। हरियाणा के सिरसा की रहने वाली इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि मुझे 2018 में अर्जुन पुरस्कार मिला तो मेरी मम्मी बोली कि बेटा अब जॉब मिल जायेगी। मेरे लिये यह बहुत मुश्किल दौर था। 2014 एशियाई खेल में पदक था, 2016 में ओलंपिक खेली और 2017 एशिया कप में पदक था लेकिन नौकरी नहीं मिली। फिर 2018 में जब साई में ओलंपियन के लिये नौकरी निकली थी तब मैने सहायक कोच के रूप में ज्वाइन किया। टोक्यो ओलंपिक के बाद पदोन्नति पाने वाली सविता ने कहा कि अब तो हालात बहुत अच्छे हैं और हमारे अच्छे प्रदर्शन से आने वाला समय भी अच्छा होगा।

अपनी मां को 800 रुपए के लिये महीने भर साइकिल की फैक्ट्री में खटते देखने वाली **हरियाणा की मिडफील्डर नेहा गोयल** के लिये हॉकी परिवार को इस दुर्दशा से निकालने का जरिया बनी। उन्होंने कहा कि स्कूल में जूते और कपड़ों के लिये मैने हॉकी खेलना शुरू की। मेरी मम्मी और हम सभी साइकिल के पहिये पर तार बांधने का काम करते थे और सौ तार बांधने पर तीन रुपए मिलते थे। महीने के 800 या 1000 रूपये मिलते जिससे घर चलता था। मुझे ट्रेनिंग के लिये गांव से दस किलोमीटर जाना पड़ता था और ऑटो के 20 रुपए मांगने में भी शर्म आती थी। प्रीतम सिवाच अकादमी में हॉकी का ककहरा सीखने वाली नेहा को 2015 में रेलवे में नौकरी मिली जिसके बाद उसने बहनों की शादी कराई और अपनी मां का काम करना बंद कराया।

उसने कहा कि मुझे भोपाल में एक टूर्नामेंट में पहली बार प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार मिला तभी मैने ठान लिया था कि हॉकी के जरिये परिवार के लिये कुछ करना है। मैने कभी नहीं सोचा था कि ओलंपिक खेलूंगी लेकिन अब मेरा लक्ष्य ओलंपिक पदक जीतना है। नेहा ने कहा कि मैंने तय किया है कि एशियाई खेलों तक कोई जंक फूड नहीं खाऊंगी। मुझे पिज्जा पसंद है लेकिन अब खेलों के बाद ही।


**झारखंड के खूंटी जैसे नक्सल प्रभावित आदिवासी इलाके से आई अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान** के पापा पुलिस में कांस्टेबल थे और इतनी आमदनी नहीं थी कि हॉकी स्टिक खरीद सके लिहाजा उसने बांस को छीलकर स्टिक बनाई और खेलना शुरू किया। निक्की ने कहा कि हमारे गांव में खेल का मैदान नहीं था और आज भी नहीं है।

स्टिक खरीदने के पैसे नहीं थे तो बांस छील कर खेतों या सड़क पर हॉकी खेला करते थे। मैंने 2016 में रियो ओलंपिक खेला और अब पेरिस में पदक तक का सफर तय करना है। इसके लिये हम एशियाई खेलों के जरिये ही सीधे क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। चाय की शौकीन निक्की दिन में आठ दस कप तो आराम से पी जाती थी लेकिन अब अपनी इस आदत से उन्होंने तौबा कर ली है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत चाय पीती थी। जब मिल जाये तब लेकिन अब मैंने तय किया है कि एशियाई खेलों के बाद ही पियूंगी।

**भारतीय हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले ओडिशा के सुंदरगढ जिले की दीप ग्रेस इक्का** ने एशियाई खेलों तक मिठाई नहीं खाने का फैसला किया है । उन्होंने कहा कि मुझे मीठा पसंद है लेकिन अब नहीं खा रही हूं। हम सभी का फोकस पूरी तरह से हांगझोउ खेलों पर है और कड़े अभ्यास के साथ उस मिशन को पूरा करेंगे जो तोक्यो में अधूरा रह गया था।

उन्होंने कहा कि मैंने सुंदरगढ में हॉकी का गौरव देखा है और ओलंपिक पदक के साथ मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं। परिवार का, अपने जिले का और देश का नाम रोशन करना चाहती हूं। एशियाई खेलों में महिला हॉकी 1982 से शुरू हुई और भारत ने पहली बार इकलौता स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद से टीम ने दो रजत (1998, 2018) और तीन कांस्य (1986, 2006, 2014) पदक अपने नाम किये। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करती है।

# फुटबॉल टीम में संदेश झिंगन और दो अन्य खिलाड़ी शामिल



**नईदिल्ली, 15 सितंबर**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को कहा कि 'क्लब बनाम देश' के सवाल पर आम सहमति बनने के बाद सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन चीन के हांग्झोउ में आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। उन्हें टीम के साथी झिंगन के अलावा चिंग्लेनसाना सिंह और लालचुंगनुंगा की सेवायें भी मिलेंगी क्योंकि एआईएफएफ ने इन दोनों को भी टीम में शामिल किया है। भारतीय मुख्य कोच इगोर स्टिमक इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों को राष्ट्रीय टीम के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने का अनुरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह अच्छी खबर है कि कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को एशियाई खेलों की टीम में शामिल कर लिया गया है जो निश्चित रूप से टीम के लिए मददगार साबित होगा।

उन्होंने कहा, ''मैं एफएसडीएल (आईएसएल के आयोजक) और एआईएफएफ का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने यह सभंव कराया। एआईएफएफ ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाओरेम महेश सिंह को टीम में शामिल करने पर फैसला करने से पहले उनका मेडिकल परीक्षण किया जायेगा।

### भारतीय पुरुष टीमः

गोलकीपरः गुरमीत सिंह, धीरज सिंह मोइरांगथेम।
डिफेंडरः सुमित राठी, नरेंद्र गहलोत, दीपक टांगरी, संदेश झिंगन, चिंग्लेनसाना सिंह, लालचुंगनुंगा।
मिडफील्डरः अमरजीत सिंह कियाम, सैमुअल जेम्स लिंगदोह, राहुल केपी, अब्दुल रबीह, आयुष देव छेत्री, ब्राइस मिरांडा, अजफर नूरानी, विन्सी बरेतो।
फॉरवर्डः सुनील छेत्री, रहीम अली, रोहित दानू, गुरकीरत सिंह, अनिकेत जाधव।
मुख्य कोचः इगोर स्टिमक

इस हफ्ते के शुरु में भारतीय टीम की एशियाड तैयारियों को बड़ा झटका लगा था क्योंकि आईएसएल के क्लब राष्ट्रीय टीम के कई मुख्य खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिए रिलीज करने से इनकार कर रहे थे। पिछले महीने 22 खिलाड़ियों की टीम घोषित की गयी थी लेकिन 13 खिलाड़ियों को उनके क्लबों ने रिलीज ही नहीं किया था जिसमें झिंगन और गोलकीपर के रूप में पहली पसंद गुरप्रीत सिंह संधू भी शामिल थे। लेकिन एआईएफएफ इस मामले को निपटाने में सफल रहा।

# विदेशी कोच के बिना एशियाई खेलों में उतरना पड़ सकता है भारतीय शाटगन निशानेबाजों को


**नईदिल्ली, 15 सितंबर**

भारत के शॉटगन निशानेबाजों को एशियाई खेलों में दो विदेशी कोच इटली के मार्सेलो ड्राडी और एन्नियो फाल्को की सेवाएं मिलने की संभावना नहीं है। इन दोनों विदेशी कोच के एक्रीडिटेशन (मान्यता पत्र) और अनुबंध संबंधी अन्य तकनीकी कारणों से एशियाई खेलों में जाना मुश्किल है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस साल के शुरू में ट्रैप कोच ड्रैडी और स्कीट विशेषज्ञ फाल्को को भारत का शॉटगन कोच नियुक्त किया था।

ड्रैडी का एशियाई खेलों में जाना नामुमकिन लगता है क्योंकि उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के साथ तब अनुबंध किया था जबकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) खिलाड़ियों और उनके साथ जाने वाले अधिकारियों की सूची को अंतिम रूप देकर उसे हांगझोउ एशियाई खेलों की आयोजन समिति को भेज चुका था।

एनआरएआई सचिव राजीव भाटिया ने पीटीआई को बताया कि भारतीय कोच विक्रम चोपड़ा ट्रैप टीम के साथ जाएंगे जबकि जितेंद्र बेनीवाल के स्कीट टीम के साथ यही भूमिका निभाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ( विदेशी कोच) ने तब अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे जबकि भारतीय ओलंपिक संघ खिलाड़ियों और अधिकारियों की लंबी सूची तैयार करके उसे एशियाई खेलों के आयोजकों को भेज चुका था। यही वजह है कि उनका एशियाई खेलों में जाने की संभावना नहीं है। भाटिया ने कहा, ''विक्रम चोपड़ा ट्रैप टीम के साथ कोच की भूमिका निभाएंगे जबकि स्कीट में जितेंद्र बेनीवाल के जाने की संभावना है। हम स्कीट के लिए उनका नाम शामिल करने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

# आईएसएसएफ रियो विश्व कपः सौरभ चौधरी 30वें, सागर डांगी छठे स्थान पर रहे



**नईदिल्ली, 15 सितंबर**

पिछले डेढ़ साल में अपना पहला बड़ा टूर्नामेंट खेल रहे सौरभ चौधरी आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के रियो डे जेनेरियो में खेले जा रहे राइफल/पिस्टल विश्व कप में पुरूषों के 10 मीटर एयर पिस्टल में 30वें स्थान पर रहे। कई बार के विश्व कप विजेता सौरभ ने आईएसएसएफ के आयोजन में अपना पिछला मुकाबला 2022 के फरवरी-मार्च में काहिरा में खेला था। वह गुरुवार को रियो में 60 निशाने के क्वालीफिकेशन में 572 अंक के साथ 30वें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में भारत के सागर डांगी छठे स्थान पर रहे। वह फाइनल में जगह बनाने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी थे। उन्होंने फाइनल में 157.4 अंक जुटाये। इक्कीस साल का यह खिलाड़ी इससे पहले क्वालीफिकेशन 581 अंक के साथ 62 खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर रहा था। अन्य भारतीयों में श्रवण कुमार ने 576 का स्कोर किया और 15वें स्थान पर रहे। रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे केदारलिंग उचागांवे ने भी 576 का स्कोर किया।\ इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता।



# डेविस कप खेलने की उत्सुकता नहीं रही : बोपन्ना

**लखनऊ, 15 सितंबर**

अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना देश के लिए खेलते समय दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति के साथ तालमेल बनाने के लिए अपनी शैली में बदलाव से पीछे नहीं हटे लेकिन उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि समय के साथ डेविस कप खेलने का उत्साह कम हो रहा है। बोपन्ना को पिछली पीढ़ियों के खिलाड़ियों की तुलना में मौजूदा खिलाड़ी डेविस कप खेलने के प्रति उतने उत्साहित नहीं लगते। रविवार को अपना आखिरी डेविस कप मुकाबला (मोरक्को के खिलाफ) खेलने की तैयारी कर रहे बोपन्ना ने कहा कि यह मशीन की तरह हो गया है। आओ, खेलो और जाओ।'' उन्होंने निराशा भरे लहजे में कहा कि मौजूदा दौर के खिलाड़ियों के लिए डेविस कप किसी अन्य टूर्नामेंट की तरह हो गया है। दूसरी तरफ, डेविस कप एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें रैंकिंग मायने नहीं रखेगी। इसमें टेनिस में कमजोर माने जाने वाले देश भी कभी-कभी दिग्गजों को मात देने में सफल हो जाते हैं। इस सफलता के लिए हालांकि टीम में एकता, योजना, वैकल्पिक खिलाड़ियों की मौजूदगी जरूरी है। बोपन्ना ने कहा कि पहले टीम में शानदार माहौल हुआ करता था, जो पिछले कुछ वर्षों से नहीं दिख रहा है। हमें इसे वापस लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डेविस कप पूरी तरह से टीम में एक दूसरे को समझने, टीम के साथ समय बिताने, एक साथ रहने, हर किसी की एकजुटता के बारे में है। मुझे लगता है कि यह एक छोटी सी कड़ी है। एक सफल टीम बनाने के लिए हमें इसे वापस लाने की जरूरत है। बोपन्ना ने 2002 में पदार्पण किया था लेकिन उन्हें भी नहीं पता कि टीम इस स्थिति तक कैसे पहुंची। उन्होंने कहा, '' ऐसा होने का कोई खास कारण नहीं है। आप जानते है कि टूर (एटीपी) अलग तरह की प्रतियोगिता है और डेविस कप अलग है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि टेनिस का खेल किसी नौकरी की तरह हो गया है। मैं सिर्फ डेविस कप की बात नहीं कर रहा हूं लेकिन आम तौर पर हर कोई आता है, मैच खेलता है, चला जाता है। खिलाड़ी लगभग 30 सप्ताह तक लगातार यात्रा करते हैं, उनके पास अपना खुद का कोच, अपना फिजियो और सब कुछ होता है।'' उन्होंने कहा, ''जब मैं टीम में आया, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि किसके (खिलाड़ियों) क्या मतभेद हैं। ड्रेसिंग रूम में सब एकदूसरे का सम्मान करते थे। मुझे अब इन चीजों की कमी दिखती है।'

### रोहन बोपन्ना ने कहा

- यह किसी अन्य टूर्नामेंट की तरह हो गया है
- मौजूदा खिलाड़ी डेविस कप खेलने के प्रति उतने उत्साहित नहीं लगते
- डेविस कप एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें रैंकिंग मायने नहीं रखेगी



# सीएम योगी ने कहा- प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा डेविस कप

**लखनऊ, 15 सितंबर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है।

एक बयान के मुताबिक यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितंबर को विजयंत खंड गोमती नगर में टेनिस कोर्ट में संपन्न होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं।

आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से और मोरक्को से आए हुए खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश के अंदर इस आयोजन के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी और आपके खेलों के माध्यम से देश और प्रदेश के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने और इसके माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप विश्व ग्रुप दो में भारत और मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ कार्यक्रम के अवसर पर कहीं।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने ड्रॉ खोलकर मैचों के कार्यक्रम का भी ऐलान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस दिग्गज विजय अमृतराज भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया आदित्यनाथ ने प्रदेश में खेलों के लिए उपलब्ध आधारभूत ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया खेलो के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम रहा हो या फिर 'फिट इंडिया मूवमेंट' के माध्यम से खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम, इन सभी ने पूरे देश के अंदर खेल का एक बेहतरीन माहौल दिया है।

# एशिया कप में बांग्लादेश से 11 साल बाद हारा भारत



## आखिरी ओवर तक चला मैच, 6 रन से हारी टीम इंडिया

**कोलंबो, 15 सितंबर**

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (121 रन) के पांचवें वनडे शतक के बावजूद भारत को शुक्रवार को यहां एशिया कप के अंतिम सुपर फोर मैच में बांग्लादेश से छह रन से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश ने अपने स्पिनरों और कप्तान शाकिब अल हसन के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत को जीत के लिए 266 रन का लक्ष्य देकर उसे 49.5 ओवर में 259 रन पर समेट दिया।

हालांकि इस मुकाबले का नतीजा दोनों टीमों के लिए मायने नहीं रखेगा क्योंकि भारत पहले ही रविवार को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है जिसमें उसका सामना श्रीलंका से होगा। बांग्लादेश पहले ही एशिया कप से बाहर हो चुका है।

इसलिये ही भारत ने अपने पहली पसंद के पांच खिलाड़ियों विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव को आराम दिया जबकि तिलक वर्मा को वनडे में पदार्पण कराया। इससे मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और सूर्यकुमार यादव को अंतिम एकादश में शामिल किया गया।

गिल ने मुश्किल भरी परिस्थितियों में यादगार पारी खेली। एक छोर पर विकेट गिर रहे थे और गिल ने बांग्लादेश के स्पिन आक्रमण के खिलाफ संभलकर खेलते हुए 44वें ओवर तक जिम्मेदारी संभाली। उनकी 133 गेंद की पारी में आठ चौके और पांच छक्के जड़े थे। अक्षर पटेल (34 गेंद में 42 रन) ने अंत में कुछ शानदार शॉट लगाकर भारत को जीत की दौड़ में बनाये रखा। लेकिन हार से नहीं बचा सके।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद शाकिब अल हसन (80 रन) और तौहिद हृदय (54 रन) ने भारत के कम धारधार गेंदबाजी आक्रमण का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़े जिसकी बदौलत बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 265 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया।

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान रोहित शर्मा खाता खोले बिना पारी की दूसरी गेंद पर पदार्पण कर रहे तंजिम हसन साकिब की गेंद पर अनामुल हक को आसान कैच देकर पवेलियन पहुंच गये। तिलक वर्मा पदार्पण में कोई कमाल नहीं कर सके और वह भी तंजिम हसन का शिकार बने। इस तरह तीसरे ओवर में भारत ने अपना दूसरा विकेट गंवा दिया। केएल राहुल (19 रन) गिल का साथ निभा रहे थे। गिल जहां तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अपने अर्धशतक की ओर पहुंच गये, वहीं राहुल धीमा खेल रहे थे ।विकेटकीपर बल्लेबाज राहुल 39 गेंद खेलने के बावजूद दो चौके ही जड़ सके थे जिससे वह काफी हताश दिख रहे थे। बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में उन्होंने मेहदी हसन की गेंद को सीधा मिडविकेट पर उठा दिया लेकिन सही टाइम नहीं कर सके। और 18वें ओवर में भारतीय टीम को तीसरा झटका लगा। इस तरह तीसरे विकेट के लिए 57 रन की भागीदारी टूट गयी।

गिल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्हें दूसरे छोर पर सहयोग की जरूरत थी। ईशान किशन (05) क्रीज पर उतरे। गिल ने इस दौरान मेहदी हसन पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। किशन जूझते दिखे और ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके। मेहदी हसन मिराज की गेंद को रिवर्स स्विप करने के प्रयास में किशन की पारी समाप्त हुई, हालांकि इस भारतीय बल्लेबाज ने इसका रिव्यू भी लिया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब सबकी निगाहें सूर्यकुमार यादव (26 रन) पर लगी थी। पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी और वे भारतीय स्पिनरों से ज्यादा धीमी गेंद फेंक रहे थे। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने गिल और सूर्यकुमार के लिए रन जुटाना मुश्किल कर दिया जिसका असर रन रेट पर साफ दिखने लगा। सूर्यकुमार ने सहजता से खुलकर खेलना शुरु किया और इस बीच कुछ जोखिम भरे शॉट खेले जिनसे रन भी बने। सूर्यकुमार लगातार हर गेंद को स्वीप करने की कोशिश कर रहे थे। बांग्लादेश के अनुभवी कप्तान शाकिब अल हसन ने इसे भांपते हुए सही लेंथ में गेंदबाजी की और उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया।

वहीं अपने पांचवें वनडे शतक की ओर बढ़ रहे गिल ने 36वें ओवर में मेहदी हसन मिराज पर लांग आन और इस गेंदबाज के सिर के ऊपर से दो गगनदायी छक्के जड़े जिससे स्कोर पांच विकेट पर 163 रन हो गया ।रविंद्र जडेजा (07) 12 गेंद ही खेल सके और मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर बोल्ड हुए जिससे भारत ने छठा विकेट 170 रन पर गंवाया। गिल ने 39वें ओवर में तंजिम हसन साकिब पर दो रन लेकर 117 गेंद में छह चौके और चार छक्के से अपना शतक पूरा करने के बाद इसी ओवर में मिड ऑफ और स्वायर लेग में दो चौके जड़े।

गिल के 44वें ओवर में आउट होने के बाद अक्षर पटेल से उम्मीद बंधी थी लेकिन वह टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। इससे पहले बांग्लादेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 59 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे लेकिन शाकिब ने 85 गेंद में 80 रन की पारी खेलकर टीम को संभाला और तौहिद ने 81 गेंद में 54 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया। शमी का नयी गेंद से प्रदर्शन भारत के लिए अच्छा संकेत होगा क्योंकि इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने शानदार शुरुआत करते हुए लिटन दास के स्टंप उखाड़ दिये।

वहीं ठाकुर (65 रन देकर तीन विकेट) हालांकि भारत के लिए सबसे खर्चीले गेंदबाज रहे लेकिन उन्होंने तीन विकेट लेकर इसकी भरपायी की। शाकिब और तौहिद ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 101 रन की भागीदारी निभायी। तौहिद के लिए अर्धशतकीय पारी आत्मविश्वास बढ़ाने वाली रही जो हाल में ज्यादा प्रभावित नहीं कर पा रहे थे। बायें हाथ के बल्लेबाज शाकिब ने बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल (47 रन देकर एक विकेट) पर लगातार दो छक्के जड़ दिये लेकिन तौहिद को छोड़कर उन्हें दूसरे छोर पर सहयोग नहीं मिला। बांग्लादेश ने 14वें ओवर में 59 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे जिसके बाद इस भागीदारी से टीम संभलने में सफल रही। ठाकुर ने शाकिब को जबकि शमी ने तौहिद को आउट किया। बांग्लादेश के लिए नासुम अहमद ने 45 गेंद में 44 रन का योगदान दिया जिससे टीम 250 रन के पार पहुंची। भारतीय टीम के लिए सूर्यकुमार, तिलक और केएल राहुल ने अगर तीन कैच लपक लिये होते तो बांग्लादेश की पारी पहले ही खत्म हो जाती।

### वनडे में 2000 रन और 200 विकेट का 'डबल' बनाने वाले दूसरे भारतीय बने जडेजा



ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2,000 से अधिक रन और 200 या इससे अधिक विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के 14वें क्रिकेटर बन गए हैं। अपना 182वां मैच खेल रहे जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान शमीम हुसैन को आउट करके वनडे में अपने 200 विकेट पूरे किए। क्रिकेट के इस प्रारूप में उनके नाम पर 2578 रन दर्ज हैं। जडेजा से पहले भारत की तरफ से यह उपलब्धि महान ऑलराउंडर कपिल देव ने हासिल की थी। उन्होंने 225 मैचों में 3783 रन बनाने के अलावा 253 विकेट भी लिए थे। जडेजा वनडे में 200 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले अनिल कुंबले (337 विकेट), जवागल श्रीनाथ (315), अजित आगरकर (288), जहीर खान (282), हरभजन सिंह (269) और कपिल देव (253) इस मुकाम पर पहुंचे थे।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद हसन बो शार्दुल | 13 | 12 | 03 | 00 |
| लिटन कुमार दास बो शमी | 00 | 02 | 00 | 00 |
| अनामुल हक का राहुल बो शार्दुल | 04 | 11 | 01 | 00 |
| शाकिब अल हसन बो शार्दुल | 80 | 85 | 06 | 03 |
| मेहदी हसन मिराज का रोहित बो अक्षर | 13 | 28 | 01 | 00 |
| मो. तौहीद हृदोय का तिलक बो शमी | 54 | 81 | 05 | 02 |
| शमीम हुसैन पगबधा बो जडेजा | 01 | 05 | 00 | 00 |
| नासुम अहमद बो पी कृष्णा | 44 | 45 | 06 | 01 |
| महेदी हसन नाबाद | 29 | 23 | 03 | 00 |
| तनजीम हसन साकिब नाबाद | 14 | 08 | 01 | 01 |

अतिरिक्त : 13

कुल : 50 ओवर में 8 विकेट पर 265 रन

विकेट पतन: 1-13 (लिटन कुमार दास, 2.1 ओवर), 2-15 (तंजिद हसन, 3.1 ओवर), 3-28 (अनामुल हक, 5.4 ओवर), 4-59 (मेहदी हसन मिराज, 13.6 ओवर), 5-160 (शाकिब अल हसन, 33.1 ओवर), 6-161 (शमीम हुसैन, 34.1 ओवर), 7-193 (मो. तौहीद हृदोय, 41.2 ओवर), 8-238 (नासुम अहमद, 47.2 ओवर)

| गेंदबाजी: | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | 08 | 01 | 32 | 02 |
| शार्दुल ठाकुर | 10 | 00 | 65 | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा | 09 | 00 | 43 | 01 |
| अक्षर पटेल | 09 | 00 | 47 | 01 |
| तिलक वर्मा | 04 | 00 | 21 | 00 |
| रवींद्र जाडेजा | 10 | 01 | 53 | 01 |

| भारत पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का अनामुल बो तनजीम | 00 | 02 | 00 | 00 |
| शुभमन गिल का हृदोय बो महेदी | 121 | 133 | 08 | 05 |
| तिलक वर्मा बो तनजीम | 05 | 09 | 01 | 00 |
| केएल राहुल का शमीम बो महेदी | 19 | 39 | 02 | 00 |
| ईशान पगबाधा बो मिराज | 05 | 15 | 00 | 00 |
| सूर्यकुमार यादव बो शाकिब | 26 | 34 | 03 | 00 |
| रवींद्र जाडेजा बो मुस्तफ़िज़ुर | 07 | 12 | 00 | 00 |
| अक्षर का तंज़िद बो मुस्तफ़िज़ुर | 42 | 34 | 03 | 02 |
| शार्दुल का मिराज बो मुस्तफ़िज़ुर | 11 | 13 | 00 | 00 |
| मोहम्मद शमी रन आउट | 06 | 06 | 01 | 00 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 00 | 02 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 17

कुल : 49.5 ओवर में 259 रन पर ऑल आउट

विकेट पतन: 1-2 (रोहित शर्मा, 0.2 ओवर), 2-17 (तिलक वर्मा, 2.4 ओवर), 3-74 (के एल राहुल, 17.1 ओवर), 4-94 (ईशान किशन, 23.3 ओवर), 5-139 (सूर्यकुमार यादव, 32.4 ओवर), 6-170 (रवींद्र जाडेजा, 37.4 ओवर), 7-209 (शुभमन गिल, 43.4 ओवर), 8-249 (शार्दुल ठाकुर, 48.1 ओवर), 9-254 (अक्षर पटेल, 48.4 ओवर), 10-259 (मोहम्मद शमी, 49.5 ओवर)

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| तनज़ीम हसन साकिब | 7.5 | 13 | 02 | 02 |
| मुस्तफ़िज़ुर रहमान | 08 | 00 | 50 | 03 |
| नासुम अहमद | 10 | 00 | 50 | 00 |
| शाकिब अल हसन | 10 | 02 | 43 | 01 |
| महेदी हसन | 09 | 15 | 00 | 02 |
| मेहदी हसन मिराज | 05 | 00 | 29 | 01 |

# दक्षिण अफ्रीका ने चौथे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 164 रनों से हराया

**सेंचुरियन, 15 सितंबर**

दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज के चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 164 रन से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल की। सेंचुरियन में खेले गए मैच में जीत के लिए मिले 417 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 34.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 252 रन ही बना सकी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका से क्विंटन डिकॉक (45) और वेन डेर डुसेन (65) ने शीर्षक्रम में अच्छी बल्लेबाजी की। इनके बाद हेनरिक क्लासेन ने 174 रन की तूफानी पारी खेली और डेविड मिलर (नाबाद 82) के साथ मिलकर बड़ी साझेदारी करते हुए टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। इस बीच मेहमान टीम से एलेक्स केरी ने 99 रन बनाकर संघर्ष किया, जो जीत के लिए नाकाफी था।

पहले बल्लेबाजी करते हुए जब दक्षिण अफ्रीका ने 120 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया था, तब क्लासेन बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने क्रीज पर आते ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज 57 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील कर दिया। इसके

▶सीरीज हुई 2-2 की बराबर,क्लासेन ने खेली 174 रन की शानदार पारी

बाद उन्होंने 77 गेंदों में अपना 150 रन का आंकड़ा भी पार किया। वह 83 गेंदों पर 13 छक्के और इतने ही चौकों की मदद से 174 रन बनाकर आउट हुए।

क्लासेन ने मिलर (नाबाद 82) के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 94 गेंदों में 222 रन की साझेदारी की। यह 5वें या उससे निचले क्रम पर दक्षिण अफ्रीका की ओर से दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई है। प्रोटियाज टीम की ओर से 5वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड जेपी डुमिनी और मिलर के नाम है। इस जोड़ी ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में 256 रन की साझेदारी की थी। जीत के लिए मिले 417 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जब 87 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब केरी बल्लेबाजी के लिए आए। एक तरफ ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए तो दूसरी तरफ केरी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करना जारी रखा। वह 77 गेंदों में 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 99 रन बनाकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए।



हेनरिक क्लासेन

### भारत आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में हुए सुपर-4 राउंड के मैच में श्रीलंका ने आखिरी गेंद पर पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। इस हार के साथ ही पाकिस्तान की टीम एशिया कप से बाहर हो गई है। इस हार के साथ पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। वह वनडे रैंकिंग में नीचे खिसक गई है। वहीं टीम इंडिया को पाकिस्तान की हार से ताजा आईसीसी वनडे रैंकिंग में बड़ा फायदा हो गया है। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले से पहले पाकिस्तान की टीम वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के साथ पहले नंबर पर थी। लेकिन श्रींलका के हाथों मिली हार के बाद वह वनडे रैंकिंग में तीसरे नंबर पर खिसक गई है। पाकिस्तान के इस नुकसान का फायदा टीम इंडिया को मिला है। भारतीय क्रिकेट टीम अब आईसीसी वनडे रैंकिंग में एक स्थान की छलांग के साथ दूसरे नंबर पर आ गई है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले नंबर पर बरकरार है। उसके पास 3061 प्वॉइंट्स और 118 रेटिंग है। वहीं, टीम इंडिया दूसरे नंबर पर है। टीम इंडिया के 4516 प्वॉइंट्स हैं और 116 रेटिंग है। लेकिन पाकिस्तान की टीम के अब 3102 प्वॉइंट हो गए हैं और रेटिंग में 3 अंकों के नुकसान के साथ 115 हो गए हैं। इसके अलावा इंग्लैंड की टीम चौथे और न्यूजीलैंड की टीम पांचवें नंबर पर है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम के पास नंबर-1 बनने का मौका है। भारतीय टीम को ऐसा करने के लिए एशिया कप का खिताब जीतना होगा। इसके अलावा टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही वनडे सीरीज के नतीजे पर भी निर्भर रहना होगा।



दर्द में भी अक्षर पटेल ने लगाया पूरा जोर पर जीत नहीं दिला सके।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 100 रन से हराया

**लंदन, 15 सितंबर**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने चौथे और अखिरी वनडे मैच में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 100 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लिश टीम ने 3-1 से सीरीज अपने नाम की। लॉड्र्स में खेले गए चौथे वनडे में मेजबान टीम ने डेविड मलान के शतक (127) की मदद से नौ विकेट 311 रन का स्कोर बनाया। जवाब में कीवी टीम 38.2 ओवर में 211 रन बनाकर सिमट गई।

इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी करते हुए 28 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। इसके बाद मलान और जो रूट (27) ने दूसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। इसके बाद मलान ने शतक लगाया और मध्यक्रम में कप्तान जोस बटलर ने 36 रन की पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड से हेनरी निकोलस (41) और रचिन रविंद्र (60) ने संघर्ष किया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। शानदार फॉर्म में चल रहे मलान ने इस मुकाबले में भी दमदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत करने का काम किया। मलान पारी में 111.40 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंदों में 127 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने 14 चौके और 3 छक्के जमाए। यह उनके वनडे करियर का 5वां शतक रहा। मोईन अली ने अपने 10 ओवर में 50 रन देते हुए 4 विकेट लिए। यह दूसरा मौका है, जब उन्होंने वनडे में 4 विकेट लिए हैं। उनके अब 132 वनडे में 106 विकेट हो गए हैं।

**चौथा वनडे मैच**



रविंद्र ने गेंदबाजी में 60 रन देते हुए 4 विकेट लिए। यह उनके अब तक के युवा वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन बन गया। उन्होंने पहली बार इस प्रारूप में 4 विकेट हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र ने बल्लेबाजी में भी अच्छी पारी खेली। उन्होंने 48 गेंदों में 61 रन की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। यह उनका वनडे अंतरराष्ट्रीय में पहला अर्धशतक है।

## एक नजर में

### नसीम और हारिस के विश्वकप खेलने पर संशय

**कोलंबो।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ के पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप में टीम का हिस्सा बने रहने पर संशय बना हुआ है। कप्तान बाबर आजम को हालांकि यह उम्मीद है कि भारत में होने वाले विश्वकप से पहले दोनों गेंदबाज स्वस्थ हो जायेंगे। एशिया कप के सुपर फोर मुकाबलों के दौरान रऊफ और नसीम चोटिल हो गये थे। उनके स्थान जमान खान और शाहनवाज दहानी को टीम में शामिल किया गया था। पाकिस्तान गुरुवार को श्रीलंका से हार कर फाइनल में पहुंचने से वंचित रह गया था। दरअसल, सभी टीमों के पास छह सप्ताह के टूर्नामेंट के लिए आईसीसी को अपनी टीम सौंपने के लिए 28 सितंबर तक का समय है और उस तारीख के बाद वे कार्यक्रम आयोजकों की अनुमति से केवल अपने 15-खिलाड़ियों के समूह में बदलाव कर सकते हैं।

### साउदी के अंगूठे की हड्डी टूटी, विश्व कप में खेलना संदिग्ध

**लंदन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी का शुक्रवार को यहां लाड्र्स में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे में दायें हाथ के अंगूठे की हड्डी टूटने के कारण आगामी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में खेलना संदिग्ध लग रहा है। साउदी को इंग्लैंड की पारी के 14चें ओवर में कैच लेने का प्रयास करते हुए यह चोट लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि कल उनके उबरने की प्रक्रिया में लगने वाले समय की जानकारी होगी जब उनकी चोट का और आकलन किया जायेगा। साउदी को पांच अक्टूबर से भारत में शुरु हो रहे विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है।

### रणतुंगा ने आईसीसी को आड़े हाथों लिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को आड़े हाथों लेते हुए विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था को 'अधिकार विहीन' करार दिया जो सभी प्रमुख फैसले करने का अधिकार एक देश को देने के लिए तैयार है। रणतुंगा ने व्यंगात्मक लहजे में कहा कि आईसीसी अधिकार विहीन संस्था है। वह बेहद गैर पेशेवर तरीके से काम करती है। मेरा मानना है कि वह एक ऐसी संस्था है जिसको क्रिकेट का बचाव करना चाहिए। क्रिकेट पर आईसीसी का नियंत्रण होना चाहिए किसी एक देश का नहीं। उन्होंने यहां चुनिंदा संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सवाल उठाने के लहजे में कहा, ''आप एशिया कप लें। टूर्नामेंट से पहले आपके पास नियम हैं, लेकिन उस एक मैच (भारत बनाम पाकिस्तान) से पहले, उन्होंने नियम बदल दिए। एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) कहां है? आईसीसी कहां है?

### तीक्षणा की चोट ने श्रीलंका की परेशानी बढ़ाई

**कोलंबो।** श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षाना मांसपेशियों में खिंचाव के कारण भारत के खिलाफ एशिया कप फाइनल में खेलना संदिग्ध है। तीक्षणा की चोट की गंभीरता का पता स्कैन के बाद चलेगा। पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को श्रीलंका की दो विकेट की जीत के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय तीक्षणा के दायें हैमस्ट्रिंग (पैर की मांसपेशियों) में खिंचाव आ गया। श्रीलंका क्रिकेट ने गुरुवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''महेश तीक्षाना की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। खिलाड़ी की स्थिति का पूरी तरह से आकलन करने के लिए उसका स्कैन किया जाएगा।'' इस मैच में श्रीलंका की गेंदबाजी के दौरान तीक्षणा को कई बार लंगड़ा कर चलते और मैदान के बाहर जाते देखा गया। उन्होंने चोट के बावजूद 42 ओवर के मैच में अपने नौ ओवर के स्पैल को पूरा किया। वह पाकिस्तान की पारी के दौरान 39वें ओवर में टीम के अन्य सदस्यों की मदद से मैदान के बाहर गये। तीक्षाना की चोट ने श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ा दी हैं क्योंकि पहले से ही वानिंदु हसरंगा, दुश्मंथा चमीरा, लाहिरू मदुशंका और लाहिरू कुमारा जैसे अहम खिलाड़ी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। श्रीलंकाई टीम रविवार को फाइनल में भारत से भिड़ेगी।

### एडम जम्पा ने एक मैच में दिए 113 रन

**सेंचुरियन।** ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा आज का दिन कभी याद नहीं रखना चाहेंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ चौथे मैच में वह संयुक्त रूप से वनडे क्रिकेट इतिहास के सबसे महंगे गेंदबाज बन गए। 10 ओवर में उन्होंने 11.30 की इकॉनमी रेट से 113 रन लुटा दिए। 31 वर्षीय गेंदबाज को एक भी विकेट नहीं मिला। 2006 में ऑस्ट्रेलिया के ही तेज गेंदबाज मिक लुईस ने जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के ही खिलाफ इतने ही रन लुटाए थे। जम्पा एक पारी में 100 से अधिक रन देने वाले 16वें गेंदबाज भी बने। एक वनडे में 100+ रन लुटाने वाले गेंदबाजः लुईस, वहाब रियाज, राशिद खान, फिलिप बोइससेवेन, भुवनेश्वर कुमार, नुवान प्रदीप, मार्टिन स्नेडेन, टिम साउदी, ब्रायन विटोरी, जेसन होल्डर, विनय कुमार, दौलत जादरान, हसन अली, एंड्रयू टाय और जैकब डफी।